हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(अष्टम् सत्र)

मौखिक उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार, 23 मार्च, 2020/3 चैत्र, 1942 (शक्)

[मुख्य मन्त्री - जल शक्ति मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 62

पर्यटन परियोजनाएं

***2802 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि दिनांक 30 जून, 2020 तक पर्यटन परियोजनाओं के लिए स्वीकृत ए0डी0बी0 (एशियन डिवेल्पमेंट बैंक) का प्रोजैक्ट पूर्ण होने जा रहा है;

(ख) यदि हाँ, तो इस दिनांक तक क्या इसके अन्तर्गत होने वाले कार्य पूर्ण हो जाएंगे; और

(ग) पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए क्या ए0डी0बी0 से 1892 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हो चुकी है; यदि हाँ, तो ब्यैारा दें?

तटीयकरण

***2803 श्रीमती रीता देवी (इन्दौरा):**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ब्यास नदी के तटीयकरण का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

मल्याणा-छाछडू बाईपास

***2804 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि मुख्य मन्त्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत मल्याणा-छाछडू सड़क हेतु कितनी धनराशि स्वीकृति की गई, कितनी व्यय हुई और कितनी शेष है तथा इसका कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा; ब्यौरा दें?

Education System

***2805 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the literacy rank of the State is No. 1 in the country;

(b) it is also a fact that to provide quality education in schools, our State is far behind in comparison to other States; and

(c) what steps have been taken by the Government to improve the quality education in schools?

Subsidy to Farmers

***2806 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Agriculture Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that the Department of Agriculture is providing subsidy on machines to the farmers of the State; details of subsidy with criteria be given;

(b) is there any subsidy being given to tea growers/farmers on implements including machines and tools to mechanize the farms; if no, reasons thereof; and

(c) is there any subsidy being provided on herbicides or pesticides to the farmers; details be given?

ट्राउट मछली फार्म

***2807 श्री सुभाष ठाकुर(बिलासपुर) :**
श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी) :
श्री अर्जुन सिंह(ज्वाली) :

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में कितने ट्राउट मछली फार्म हैं; गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक इनके निर्माण कार्यों पर कितनी धनराशि व्यय की गई तथा इन फार्मों से सरकार को कितना राजस्व प्राप्त हुआ; ब्यौरा दें;

(ख) चालू वित्त वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में गोबिंद सागर झील में कितना मछली उत्पादन हुआ; क्या प्रदेश में मत्स्य विभाग ने नई मार्केटिंग की योजना लाई है; यदि हां, तो क्या इस योजना के लागू होने से मछली पालन में लगे स्थानीय युवाओं और मछुआरों को रोजगार हेतु परेशानी का सामना करना पड रहा है; और

(ग) पौंग बाँध जलाशय की कुल कितनी मत्स्य सहकारी सभाएं पंजीकृत हैं व इन सभाओं में कितने मछुआरे पंजीकृत है; मछुआरों को क्या-क्या सुविधाएं प्रदान की जा रही है; क्या विभाग द्वारा मछुआरों को लाइफ जैकेट तथा बीमा करवाया जा रहा है?

Master Plan

***2808 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that under TCP Dalhousie Town Master Plan, some areas have been declared as non-commercial, only residential specially Bakrota;

(b) how many maps for commercial use have been received by DC Chamba/Director TCP in the last 2 years, have any been approved; and

(c) whether it is a fact that recently the Government has approved some maps in non-commercial area for carrying out commercial activities; if yes, under which rules and compulsions?

रूपेणा-कथयाड़ी सड़क

***2809 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत रूपेणा-कथयाड़ी वाया परसियारा सड़क के कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; और

(ख) यह कार्य किस वर्ष अवार्ड हुआ, इसके लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई व इसकी लम्बाई कितने किलोमीटर है?

पदों का सृजन

***2810 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जल शक्ति विभाग में पैरा (पम्प ऑपरेटर्ज, फिटर्ज) और मल्टी-पर्पज वर्करज़ के कितने पद सृजित हैं; ब्यौरा मण्डलवार दें; और

(ख) यह सत्य है कि किन्नौर जिला के जल शक्ति मण्डल रिकांगपिओ व पूह में एक भी पद पैरा (फिटर्ज़, पम्प ऑपरेटर्ज) व मल्टीपर्पज वर्करज़ का सृजित नहीं किया गया है; यदि हां, तो कारण?

सड़क निर्माण

***2811 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक सरकाघाट लोक निर्माण मण्डल के अन्तर्गत अनुसूचित जाति उप-योजना के अन्तर्गत कौन-कौन सी सड़कें स्वीकृत हुई; ब्यौरा सड़क की लम्बाई सहित दें; और

(ख) इस अवधि में कितनी किलोमीटर सड़कों का निर्माण किया गया व कितनी मैटलिंग व टारिंग की गई; ब्यौरा सड़कों के नाम सहित दें?

विज्ञान भवन निर्माण

***2812 श्री सुरेन्द्र शौरी (बन्जार):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि राजकीय महाविद्यालय बन्जार के विज्ञान भवन के निर्माण की अद्यतन स्थिति क्या है?

नगर परिषद पांवटा

***2813 श्री सुख राम (पांवटा साहिब) :**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) गत 3 वर्षो में नगर परिषद पांवटा में कितनी धनराशि व्यय की गई; कार्यवार ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि सरकार ने नगर परिषद पांवटा साहिब में सूखा एवं गीला कूडा-कचरा उठाने हेतु निर्देश दिये थे; यदि हाँ, तो इसके निष्पादन हेतु क्या पग उठाये जा रहे हैं; ब्यौरा दें?

Permanent Bus Stand

***2814 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Forest Minister** be pleased to state whether the Government will plan and construct a permanent Bus Stand at Nankhari Chowk, Nankhari; if yes, by when?

ओवर ब्रिज निर्माण

***2815 श्री मुलख राज (बैजनाथ):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) बैजनाथ-महाकाल-चोबीन सड़क पर रेलवे ओवर ब्रिज के निर्माण के लिये लोक निर्माण विभाग ने रेलवे के पास कुल कितनी धनराशि जमा करवाई है और कितनी राशि शेष है; और

(ख) शेष धनराशि कब तक जमा करवा दी जाएगी; ब्यौरा दें?

SMC Teachers

***2816 Sh. Vikramaditya Singh(Shimla Rural) :**
Sh. Harshwardhan Chauhan(Shillai) :
Sh. Vinay Kumar(Sri Renukaji) :

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) how many teachers are working as SMC teachers in the State, category-wise and district-wise details be given;

(b) will the Government consider to bring a policy for SMC teachers; if so, details be given; and

(c) what is the number of teachers engaged by PTA in Government Schools in the State; will the Government consider to regularize their services in future?

प्रोस्पैक्टस की लागत

***2817 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार प्रदेश में निजी स्कूलों/शिक्षण संस्थानों में प्रवेश हेतु आवेदन पत्रों (Prospectus) को उसकी वास्तविक लागत दर पर पात्र छात्रों को उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं,तो कारण ?

मिनी सचिवालय

***2818 श्री परमजीत सिंह (दून):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार बद्दी में मिनी सचिवालय बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

Kendriya Vidyalaya

***2819 Sh. Sunder Singh Thakur (Kullu):**

Will the **Education Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that as per approved policy of Central Government every district should have one Kendriya Vidyalaya over and above project school; and

(b) if yes, is there any proposal to open a new KVS in Kullu District; if no, reasons thereof?

नागरिक अस्पताल सुन्दरनगर

***2820 श्री राकेश जम्वाल (सुन्दरनगर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि नागरिक अस्पताल सुन्दरनगर की बिस्तरों की क्षमता 100 से 150 की गई है; यदि हां, तो इसकी अधिसूचना कब जारी की गई; इसमें चिकित्सकों के कितने नए पद स्वीकृत किए गए हैं तथा इन्हें कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

Registered Cases

***2821 Sh. Mohan Lal Brakta(Rohru) :**
Sh. Rakesh Singha(Theog) :

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the progress in the FIR No. 11/19 registered under PS Deha;

(b) during the last 3 years, how many cases in the Pradesh have been registered in which the accused person has not been traced; Police Station wise details be given; and

(c) how many cases need to be transferred for investigation to some other agencies?

क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत

***2822 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत हेतु धनराशि उपलब्ध करवा रही है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ख) सरकार ऐसी सड़कों की मरम्मत हेतु नए मापदण्ड बनाने का विचार रखती है?

आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी

***2823 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने आयुर्वेदिक औषद्यालय हैं; इनमें आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी के कितने पद स्वीकृत हैं व कितने रिक्त हैं; इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के कितने आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर हैं; सरकार प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों के स्थान पर नए आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों की तैनाती करने का विचार रखती है; यदि हाँ,तो कब तक?

वाइल्ड लाइफ खज्जियार

***2824 श्री पवन नैय्यर (चम्बा):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक, वाइल्ड लाइफ खज्जियार चम्बा में विभाग को विभिन्न कार्यों हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई; कितनी व्यय की गई; ब्यौरा कार्यवार दें;

(ख) इस अवधि में विभाग ने ईको टूरिज्म सोसायटी द्वारा करवाए गए कार्यों पर कितनी धनराशि व्यय की; ब्यौरा कार्यवार दें;

(ग) यह सत्य है कि कार्य आवंटन से पूर्व विज्ञापन दिया गया था; यदि हां, तो प्रति सभा पटल पर रखें; और

(घ) जिन ठेकेदारों के माध्यम से यह कार्य करवाए गए, क्या उन्होंने लेबर इंश्योरेंस करवाई है; यदि नहीं, तो कारण?

ओल्ड पेंशन स्कीम

***2825 श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि विद्या उपासकों को 2017 से पुरानी पेंशन योजना के अन्तर्गत लाया गया है;

(ख) यदि हां, तो सरकार वर्ष 1997-98 या 2003 से पूर्व लगे अनुबन्ध में कार्यरत स्कूल प्रवक्ता, टी0जी0टी0, डी0पी0ई0 और जे0बी0टी0 को पुरानी पेंशन योजना के अन्तर्गत लाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ग) यह सत्य है कि केन्द्र ने 01-01-2004 से पूर्व नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन स्कीम के तहत पेंशन देने की अधिसूचना जारी की है?

अवैध रेहड़ी/फड़ी

***2826 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि शिमला शहर व पुराने बस अड्डे से संकटमोचन तक राष्ट्रीय उच्च मार्ग के किनारों पर अवैध सब्जी व फलों आदि की रेहड़ी/फड़ियां लगाई गई हैं; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार ने इन्हें अनुमति प्रदान की है; यदि नहीं, तो कब तक इन रेहड़ी/फड़ियों को हटा दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

अध्यापक पात्रता

***2827 श्री राजेन्द्र राणा (सुजानपुर)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश में नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (NET) और स्टेट एलिजिबिलिटी (SET) की वैलिडिटी लाइफ टाइम है; यदि हां, तो सरकार अध्यापक पात्रता परीक्षा (TET) को भी लाइफ टाइम वैलिडिटी देने का विचार रखती है?

निर्माण कार्य

***2828 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वन मण्डल चौपाल व ठियोग में प्लांटेशन, नर्सरी, बाउंडरी वॉल और रेस्ट हाउस बनाने हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; कितनी व्यय की गई तथा कितनी शेष है; यह कार्य कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे; ब्यौरा योजनावार दें?

Administrative Block

***2829 Sh. Anil Sharma (Mandi)ः**

Will the **Education Minister** be pleased to state whether it is a fact that the Foundation stone has been laid for the construction of Administrative Block in Government Degree College, Mandi; if yes, how much funds have been sanctioned?

शहीद स्मारक/यादगार गेट

***2830 श्री लखविन्द्र सिंह राणा (नालागढ़)ः**

क्या **जल शक्ति मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि उप-मंडल नालागढ़ में एक भी शहीद स्मारक व यादगार गेट नहीं बना है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार उप-मंडल नालागढ़ के जो सैनिक शहीद हुए हैं, उनके गांव के

मुख्य द्वार पर यादगार गेट व शहीद स्मारक बनाने के लिए धनराशि स्वीकृत करने या विधायक व सांसद निधि से धनराशि देने हेतु नियम बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

Kheri Ghat-Dochi Link Road

***2831 Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state what is the latest position of construction of Kheri Ghat-Dochi Link Road?

सामाजिक सुरक्षा पेंशन

***2832 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि परिवार में पुत्र के अलग होने के पश्चात भी उसकी आय परिवार की आय में जोड़ी जाती है जिससे वृद्ध व असहाय लोग सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं; सरकार इसमें संशोधन करने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

हिम केयर योजना

***2833 श्री राजिन्द्र गर्ग (घुमारवीं):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि हिम केयर योजना के अन्तर्गत आपात स्थिति में कार्ड होल्डर को चिकित्सा सहायता लेने के लिए लंबी प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है; यदि हां, तो सरकार इसे सरल बनाने का विचार रखती है?

बस सेवा

***2834 श्री जवाहर ठाकुर (दरंग):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दरंग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने बस रूट चलाए जाने अपेक्षित हैं तथा बस सुविधा कब तक प्रदान कर दी जाएगी?

रेशम का कार्य

***2835 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि करसोग विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने स्थानों पर उद्योग विभाग द्वारा रेशम बनाने का कार्य चल रहा है और इसमें कितने कर्मचारी कार्यरत हैं और इससे स्थानीय लोगों को कितना लाभ हो रहा है; ब्यौरा दें?

डालमिया सीमेंट

***2836 श्री मुकेश अग्निहोत्री (हरोली):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सीमेंट कारखाने करार के माध्यम से नहीं चलाए जाते हैं; और

(ख) क्या सरकार द्वारा डालमिया सीमेंट के साथ चण्डीगढ़ या अन्यत्र कोई करार किया गया है; यदि हां, तो कितनी धनराशि का तथा इसके लिए ग्लोबल टैंडर अनिवार्य थे; ब्यौरा दें?

समायोजन

***2837 श्रीमती रीता देवी (इन्दौरा):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार ज़िला परिषद सचिवों को पंचायती राज या ग्रामीण विकास विभाग में समायोजित करने का विचार रखती है; यदि हाँ, तो कब तक?

सीवरेज लाइन

***2838 श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा शिमला शहर के कंगणाधार के सेक्टर-VI में मल प्रवाह योजना की व्यवस्था नहीं की गई है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस क्षेत्र को मल प्रवाह योजना से जोड़ने का कब तक विचार रखती है?

Global Tenders

***2839 Sh. Narinder Thakur (Hamirpur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last year upto 31.01.2020, how many global tenders have been awarded by the HPTCL & HPPCL; names of firms to whom the tenders have been awarded be given?

Allotment of Houses

***2840 Sh. Ashish Butail (Palampur):**

Will the **Social Justice & Empowerment Minister** be pleased to state that during the last 2 years upto 31.01.2020, how many people have been allotted houses under State or Central Government schemes of Welfare Department; constituency-wise and category-wise details be given?

गौवंश हेतु धनराशि

***2841 श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक प्रदेश में शराब की हर बोतल की बिक्री पर ₹1 प्रति बोतल गौवंश के ऊपर ख़र्च करने की योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि प्राप्त हुई और इसे कहां-कहां व्यय किया गया है; ब्यौरा दें?

सड़क निर्माण

***2842 श्री अर्जुन सिंह (ज्वाली):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) ज्वाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने किलोमीटर पक्की व कच्ची सड़कें हैं; गत 2 वर्षों में दिनांक 31 जनवरी, 2020 तक कितने किलोमीटर मैटलिंग व टारिंग की गई; कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा कार्यवार दें;

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र की कितनी सड़कों की डी0पी0आर0 नाबार्ड में लम्बित पड़ी हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) इस क्षेत्र के कितने गांव सड़क सुविधा से वंचित हैं; उन्हें सड़क सुविधा प्रदान करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

Salooni-Drabbar-Lohani-Kilod Road

***2843 Smt. Asha Kumari (Dalhousie):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) what is the latest position of Salooni-Drabbar-Lohani-Kilod Road in Public Works Division Salooni; and

(b) how much funds have been sanctioned for the construction of this road?

लेबर कोर्ट के अन्तर्गत मामले

***2844 श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 3 वर्षों से दिनांक 31.01.2020 तक जिला चम्बा में कितने मामले लेबर कोर्ट में हैं; कितने लेबर ऑफिसर और इंस्पेक्टर के पास विचाराधीन हैं; ब्यौरा विधान सभा निवार्चन क्षेत्रवार, नाम व पते सहित दें?

शिलान्यास/उद्घाटन

***2845 श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने वन निगम के उपाध्यक्ष को किन्नौर जिला में विकास कार्यों के शिलान्यास व उद्घाटन करने की अनुमति दे रखी है; यदि हां, तो कब और किस नियम के अन्तर्गत दी है; अनुमति की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(ख) शिलान्यास व उद्घाटनों से सम्बन्धित नीति की प्रति सभा पटल पर रखें?

पदपूर्ति

***2846 कर्नल इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कौन-कौन से स्वास्थ्य संस्थान कार्यरत हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत और कितने रिक्त हैं तथा इनको भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा संस्थानवार दें?

आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र

***2847 श्री सुरेन्द्र शौरी(बन्जार) :**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बन्जार विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र स्वीकृत हैं तथा कितने कार्यरत है; कितनों के भवन है और कितनें निजी भवनों में चल रहे है; इनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं; कितने रिक्त हैं तथा इन्हें भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है ब्यौरा केंद्रों के नाम सहित दें?

पदपूर्ति

***2848 श्री सुख राम (पांवटा साहिब):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में वर्तमान में कितने बहु-तकनीकी प्रशिक्षण संस्थान तथा आई0 टी0 आई0 स्वीकृत हैं; और

(ख) उनमें विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत हैं, कितने रिक्त हैं तथा रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; ब्यौरा दें?

Trauma Center

***2849 Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last year upto 31.01.2020, how much amount has been sanctioned for the construction of Trauma Centre at M.G.M.S.C Khaneri and what is its latest position?

Funds Received

***2850 Sh. Vikramaditya Singh (Shimla Rural):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that during the last 2 years upto 31.01.2020, how much funds have been received from the Center under various Heads and status of their execution thereof?

पर्यटन को बढ़ावा

***2851 श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) पर्यटन विभाग की 'नई राहें नई मंजिलें' योजना के अन्तर्गत रेणुकाजी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में कौन-कौन से कार्यों को स्वीकृति मिली है; और

(ख) इन कार्यों को कब तक शुरू कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

सुन्दरनगर से बटाहण बस सेवा

***2852 श्री इन्द्र सिंह (बल्ह):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार सुन्दरनगर-बटाहण बस सेवा को चलाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

स्थानान्तरण

***2853 श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जनवरी, 2018 से दिनांक 31.01.2020 तक रोहड़ू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत स्कूलों व कॉलेजों में कितने अध्यापक स्थानान्तरित किए गए; कितने पद भरे गए व कितने रिक्त हैं; ब्यौरा दें?

Violence Against Women

***2854 Sh. Rakesh Singha (Theog):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) is it a fact that there is an increase in the number of cases of violence against women; how many cases have been registered in the last one year in the State; and

(b) what special steps have been taken by the Government to check violence against the women?

भवन की लकड़ी

***2855 श्री रमेश चंद ध्वाला (ज्वालामुखी):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि वन विभाग पुराने व जर्जर भवन या नष्ट हुए भवन की लकड़ी को फॉरेस्ट रेंज के दायरे में बन रहे नए घर तक ही ले जाने की अनुमति देता है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार पुराने मकान की लकड़ी को सम्बन्धित वन वृत्त में ले जाने की अनुमति देने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

बड़सर बस स्टैंड

***2856 श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि बड़सर में बस स्टैंड का शिलान्यास किया गया था; यदि हाँ, तो इसके निर्माण के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी; कितनी व्यय की गई तथा इसका निर्माण कार्य कब तक पूर्ण कर लिया जाएगा?

पंजीकरण

***2857 श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन):**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत 2 वर्षों में दिनांक 31.01.2020 तक हिमाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण कामगार कल्याण बोर्ड हमीरपुर के अन्तर्गत नदौन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र की मैड, लड़ाह और गलोड़ खास पंचायत में कितने बेलदार या अन्य मज़दूर पंजीकृत किए गए; इनमें से कितने मनरेगा तथा कितने अन्य संस्थाओं के अन्तर्गत पंजीकृत हुए; ब्यौरा नाम व पते सहित दें?

पैदल मार्ग

***2858 श्री किशोरी लाल (आनी):**

क्या **शहरी विकास मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि:-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने शनि मन्दिर (नजदीक लिफ्ट) शिमला से सब्जी मण्डी जाने वाले पैदल मार्ग को बन्द कर दिया है; और

(ख) यदि हां, तो इसे कब तक खोल दिया जाएगा?

विकास कार्य

***2859 श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सांसद व विधायक निधि, डी0सी0पी0, अन्य पिछड़ा क्षेत्र उप-योजना, एम0एम0जी0पी0वाई0, एस0डी0आर0एफ0 व एन0डी0आर0एफ0 के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत हुई, कितनी व्यय हुई तथा कितनी शेष है; ब्यौरा योजनावार पंचायत के नाम सहित दें; और

(ख) इन योजनाओं के अन्तर्गत खण्ड विकास कार्यालय चौपाल, कुपवी व ठियोग में कितने कार्य प्रगति पर हैं?

Construction of Parking

***2860 Sh. Anil Sharma(Mandi) :**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that construction of parking facility in Local Hospital Mandi town is in progress; if yes, by when it will be completed; if no, is there any other alternative plan; and

(b) is it a fact that the construction work of "Mother and Child (MCH)" building in Zonal Hospital, Mandi town will be complete shortly; if so, how many posts of different categories will be sanctioned to run this Hospital?

पुलिस चौकी का उन्नयन

***2861 डॉ0 (कर्नल) धनी राम शांडिल (सोलन):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने पुलिस चौकी सायरी का उन्नयन कर थाना बनाने हेतु अधिसूचना जारी की थी परन्तु अभी तक चौकी को थाने का दर्ज़ा प्राप्त नहीं हुआ; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इसे कब तक यह दर्ज़ा प्रदान करने का विचार रखती है?

आरक्षण

***2862 श्री अरुण कुमार (नगरोटा):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार अन्य पिछड़ा वर्ग को शिक्षा विभाग में B. Ed कोर्स तथा तकनीकी शिक्षा विभाग में B Tech. कोर्स की तर्ज पर अन्य उच्च शिक्षा कोर्सों के लिए भी आरक्षण कोटा लागू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

भूमि चयन

***2863 श्री हीरा लाल (करसोग):**

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम कार्यशाला करसोग के निर्माण हेतु भूमि का चयन कर लिया गया है; यदि हां, तो कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जाएगा?

शिमला: 171004. **यशपाल शर्मा,**

दिनांक: 7 मार्च, 2020 . **सचिव।**